# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 08 September 2026


## Gold Rate Today: सोना-चांदी के दाम मे जोरदार तेजी, जानिए दिल्ली, मुंबई और लखनऊ के ताजा रेट

Sanket Morankar

Published on 12 May 2026




देश में 12 मई 2026 को सोने और चांदी की कीमतों में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव, शेयर बाजार में गिरावट और रुपये के कमजोर होने का असर सर्राफा बाजार पर साफ दिखाई दे रहा है। दिल्ली, मुंबई समेत देश के कई बड़े शहरों में आज सोना और चांदी दोनों महंगे हुए हैं।

राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत में करीब 200 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है, जबकि चांदी के दाम में लगभग 3200 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी दर्ज की गई है। निवेशकों का रुझान सुरक्षित निवेश की ओर बढ़ने से गोल्ड और सिल्वर की मांग में उछाल देखा जा रहा है।

एमसीएक्स पर भी चढ़े सोना-चांदी के भाव

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (MCX) पर भी आज सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली। सुबह करीब 9:47 बजे 5 जून 2026 एक्सपायरी वाले गोल्ड कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 299 रुपये बढ़कर 1,53,953 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई।

वहीं, 3 जुलाई 2026 एक्सपायरी वाली चांदी की कीमत में बड़ी तेजी दर्ज हुई। सिल्वर कॉन्ट्रैक्ट 3514 रुपये उछलकर 2,81,825 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया।

दिल्ली और मुंबई में क्या हैं आज के रेट ?

देश की राजधानी दिल्ली में सोना आज महंगा होकर कारोबार कर रहा है। वहीं आर्थिक राजधानी मुंबई में भी गोल्ड और सिल्वर दोनों की कीमतों में बढ़त देखी गई।

बुलियन मार्केट के अनुसार, सुबह करीब 9:57 बजे मुंबई में सोने की कीमत करीब 370 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़कर 1,54,420

रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वहीं चांदी का भाव करीब 4000 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़कर 2,82,240 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया।

लखनऊ में भी बढ़े दाम

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भी सोने और चांदी के दाम में तेजी रही। यहां सोने का भाव करीब 320 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़कर 1,54,410 रुपये हो गया। वहीं चांदी के दाम में 3630 रुपये की बढ़ोतरी हुई, जिसके बाद इसका भाव 2,81,890 रुपये प्रति किलोग्राम के पार पहुंच गया।

क्यों बढ़ रहे हैं सोने-चांदी के दाम?

विशेषज्ञों के मुताबिक, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, मध्य पूर्व में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और भारतीय रुपये में कमजोरी के कारण निवेशक सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। ऐसे समय में सोना और चांदी निवेशकों की पहली पसंद बन जाते हैं, जिससे इनके दाम तेजी से बढ़ते हैं।

इसके अलावा शेयर बाजार में गिरावट और अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर की मजबूती का भी असर भारतीय बाजार पर पड़ रहा है। आने वाले दिनों में यदि वैश्विक तनाव बना रहता है तो सोने और चांदी की कीमतों में और तेजी देखने को मिल सकती है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.